समाचार

# मुड़ापार, रामनगर बस्ती में गदंगी देख भड़की महापौर, सफाई ठेकेदार को लगाई फटकार

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वार्ड क्र. 29 मुड़ापार व वार्ड क्र. 30 रामनगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण)



कोरबा 18 जून 2025 –निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 29 मुड़ापार व वार्ड क्र. 30 रामनगर बस्ती में व्याप्त गदंगी व सफाई कार्यो में लापरवाही सामने आने पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई तथा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अतः निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होने इस मौके पर स्वच्छता सुपरवाईजर को भी चेतावनी देते हुए कहा कि वे साफ–सफाई कार्यो की कड़ी मानीटरिंग करें तथा यह देखें कि निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप सफाई का कार्य हो रहा है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 मुड़ापार व वार्ड क्र. 30 रामनगर में पहुंचकर वहॉ के विभिन्न मोहल्लों व गलियों का पैदल भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान नालियों में कचरें का जमाव व काफी समय से नालियों की सफाई न होने को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने गहरी नाराजगी जाहिर की। इसी प्रकार बस्ती के लोगों ने सफाई कार्यो में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही

लापरवाही की शिकायत भी महापौर के समक्ष की, महापौर श्रीमती राजपूत ने समक्ष में उपस्थित सफाई ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की तथा चेतावनी देते हुए कहा कि वे निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करें, वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है, नालियों की सम्पूर्ण सफाई न होने से पानी का बहाव अवरूद्ध होगा तथा गलियों व घरों में जल भराव की समस्या पैदा होगी, अतः तत्काल नालियों की सम्पूर्ण सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, नालियों की सतह से सफाई करें। उन्होने कहा कि यदि इस पर तत्काल समुचित कार्यवाही नहीं की जाती तो संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**गलियों में जल जमाव न हो, सुनिश्चित करें** – भ्रमण के दौरान बस्ती की गलियों में अनेक स्थानों पर पानी के जमाव को देखते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गलियों में जल जमाव न हों, बरसाती पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित हो सके, इस हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें। यहॉ उल्लेखनीय है कि बस्ती के कुछ मकान मालिकों द्वारा घरों के सामने मनमाने ढंग से पक्के स्लेब बना लेने से गलियों से पानी की निकासी समुचित रूप से नहीं हो पाती तथा गलियों में जल जमाव की समस्या पैदा हो रही है, आमनागरिकों व बस्तीवासियों को असुविधा न हों, इस हेतु महापौर श्रीमती राजपूत ने मनमाने ढंग से बनाए गए स्लेब को हटाने तथा इसमें संबंधित लोगों को अपना सहयोग देने का आग्रह किया। महापौर ने खुली नालियों को ढक्कनयुक्त स्लेब से कवर्ड किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**बस्तीवासियों से की भेंट, जानी समस्याएं** – वार्ड क्र. 29 मुड़ापार एवं वार्ड क्र. 30 रामनगर बस्ती में पैदल भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वहॉ के रहवासियों से भेंट मुलाकात की, उनका कुशल क्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली, पानी, बिजली, साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी व तुरंत निराकृत होने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर, महापौर श्रीमती राजपूत ने उनके तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान पार्षद रामगोपाल कुर्रे, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग एवं दीपक यादव, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, स्वच्छता निरीक्षक सचिन्द्र थवाईत, दीपेश सिंह, नवीन जायसवाल, राजेन्द्र राजपूत, बबलू यादव, आयुष अग्रवाल, निकेश ठाकुर आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।